कार्यालय– प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर। पिन– 843113

Website- www.ptecpatahi.in E-mail id – principalptecpatahi@gmail.com

## डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2021-23 में नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों का द्वितीय चयन सूची विज्ञान एवं कला/वाणिज्य/उर्दू

डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2021-23 में नामांकन हेतु विज्ञान एवं कला/वाणिज्य/उर्दू संकाय में चयनित अभ्यर्थियों का प्रथम चयन सूची के नामांकन के उपरान्त द्वितीय चयन सूची महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित की जा रही है। द्वितीय चयन सूची के अभ्यर्थी **दिनांक 21.10.2021 एवं दिनांक 22.10.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे** तक नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे । नामांकन हेतु प्रकाशित द्वितीय चयन सूची के सभी अभ्यर्थी उपरोक्त समय तालिका का अनुपालन करते हुए संस्थान में निम्नलिखित अभिलेखों के साथ उपस्थित होंगे।

### -: नामांकन हेतु वांछित अभिलेख :-

1. मैट्रिक/माध्यमा/फौकानिया का मूल प्रवेश पत्र, मूल अंक पत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र
2. इंटरमीडियट/मौलवी का मूल प्रवेश पत्र, मूल अंक पत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र
3. **महाविद्यालय परित्याग मूल प्रमाण-पत्र (अनिवार्य रूप से)**
4. आवासीय प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (आरक्षण कोटि हेतु)
5. नि:शक्तता प्रमाण-पत्र (दिव्यांग कोटि हेतु)
6. EWS हेतु मूल प्रमाण-पत्र (अद्यतन)
7. आवेदक द्वारा किए गए ऑनलाईन प्रिंट आउट की मूल प्रति
8. पहचान पत्र (आधार कार्ड/पेन कार्ड/ मतदाता पहचान-पत्र)
9. चार नवीनतम फोटो (पासपोर्ट साईज)
10. कार्यपालक दंडाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य सभी प्रमाण-पत्र सही होने एवं अन्य किसी संस्थान में किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में नामांकन नही होने के संबंध में शपथ-पत्र ।
11. सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की स्व.अभिप्रमाणित छाया प्रति (दो प्रतियों में)। दो फाईल बाँधने वाला एक फाईल में छाया प्रति एवं दूसरा फाईल में सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र के मूल प्रति के साथ ।
12. नामांकन शुल्क (सामान्य/पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए **11500.00 (ग्यारह हजार पॉच सौ)** एवं अनु.जाति/अनु.जननजाति/दिव्यांग के लिए **7000.00 (सात हजार)**
13. नामांकन शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट, **PRINCIPAL PTEC PATAHI MUZAFFARPUR** के पदनाम से बनवायें, बैंक शाखा **MUZAFFARPUR** में भुगतेय हो या यदि डिमांड ड्राफ्ट नही बना पाते है तो महाविद्यालय में नामांकन तिथि को कागजात सत्यापन के पश्चात् महाविद्यालय कार्यालय के द्वारा दी जाने वाली बैंक जामा पर्ची के माध्यम से संस्थान के बैंक खाता में भुगतेय किया जाऐगा ।**(नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थी उक्त सभी प्रमाण-पत्र संस्थान के प्राधिकृत व्याख्याता से जाँचोपरांत नामांकन शुल्क जमा करेंगे)**

नोटः– साईबर ठगी से बचने के लिए नामांकन शुल्क के रूप में किसी भी प्रकार का ऑनलाइन भुगतान नही लिया जा रहा है।

कार्यालय– प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर। पिन– 843113

Website- www.ptecpatahi.in E-mail id – principalptecpatahi@gmail.com

## : नामांकन हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देश :-

1. द्वितीय चयन सूची के सभी अभ्यर्थी उपरोक्त क्र.सं. 01 से 13 तक दिये गये सभी अभिलेख के साथ संस्थान में ससमय उपस्थित होंगे । विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों का नामांकन का दावा स्वत: समाप्त समझा जायेगा ।
2. प्रकाशित द्वितीय चयन सूची के अभ्यर्थियों का नामांकन दिनांक 21.10.2021 एवं 22.10.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक किया जायेगा।
3. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं कराने, अपेक्षित प्रमाण-पत्र की अनुपलब्धता या किसी भी प्रमाण-पत्र की अवैधता की स्थिति एवं निर्धारित की गई तिथि को उपस्थित नहीं होने पर नामांकन का दावा स्वत: समाप्त माना जायेगा ।
4. नामांकन के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में नामांकन शुल्क की राशि वापस नहीं किया जाएगा ।
5. उपर्युक्त सभी शर्तो को पूरा करने पर आपका नामांकन औपबंधिक रूप से किया जायेगा तथा यदि आपके द्वारा प्रस्तुत की गई कागजात भविष्य में जॉचोपरान्त गलत पाया जाता है तो आपका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा।
6. सत्र 2021-23 के लिए नामांकन से संबंधित सूचना संस्थान के बेवसाईट www.ptecpatahi.co.in पर उपलब्ध रहेगा ।

अनुलग्नक :-

1) विज्ञान संकाय की द्वितीय चयन सूची
(76 अभ्यर्थीयों की सूची)
2) कला/वाणिज्य/उर्द संकाय की द्वितीय चयन सूची
(75 अभ्यर्थीयों की सूची)

ह०/-
प्राचार्य,
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर ।

ज्ञापांक : 129 /पताही,मुज. दिनांक : 18/10/2021

प्रतिलिपि : सभी व्याख्याता/कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित ।
प्रतिलिपि : निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण (शिक्षा विभाग), बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

for 18/10/2021
प्राचार्य,
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर ।

100 रू॰ का स्टाम्प / टिकट / e-Court Fee पर

कार्यपालक दंडाधिकारी / लेख्य प्रमाणक

....................मुजफ्फरपुर।

## शपथ पत्र

मैं ..........................................., पिता– ......................................... उम्र ..............
ग्राम– ............................... पो॰– ............................. थाना.................................. जिला.................................
बिहार का स्थायी निवासी हूँ, शपथपूर्वक ब्यान करता / करती हूँ कि,

1. यह कि मैं प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, पताही, मुजफ्फरपुर के डी॰एल॰एड॰ सत्र – 2021–23 दो वर्षीय कोर्स में नामांकन हेतु चयनित होकर नामांकन लिया / ली हूँ।
2. यह कि नामांकन के समय मेरे द्वारा समर्पित सभी प्रमाण–पत्र सही है।
3. यह कि मैं किसी भी अन्य सरकारी अथवा गैर–सरकारी संस्था में नामांकित नहीं हूँ।
4. यह कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पालन करूंगा / करूंगी।
5. यह कि मेरे द्वारा समर्पित कोई भी सूचना एवं प्रमाण–पत्र गलत पाया गया तो मेरा नामांकन रद्द करते हूए मेरे विरूद्ध विधि सम्मत कानूनी कारवाई की जाएगी।
6. यह कि उपरोक्त वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सत्य है।

अतः यह शपथ–पत्र है।

शपथकर्ता .......................................
जो अधिवक्ता मुज॰ द्वारा जाने व पहचाने गये
वे हमारे सपक्ष उपस्थित होकर शपथ लिया
व शपथ पत्र का कुल आशय सही है।

**शपथकर्ता का हस्ताक्षर**
मै, प्रमाणित करता हूँ कि शपथकर्ता ने
हमारे समक्ष उपस्थित होकर अपना हा॰
बनाया।

कार्यपालक दंडाधिकारी / लेख्य प्रमाणक

अधिवक्ता